# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 19.03.2025**

- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 20,000 को वापस कराया गया।**
- **अज्ञात व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता से जरिये फोन बात करके अपने खाते में 20,000/- रूपये ट्रांसफर कराकर धोखाधडी की गयी।**
- **शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री ज्ञानेन्द्र कमल पुत्र श्री जगदीश कुमार निवासी जोरावरपुर बलुआपुर पोस्ट नौबस्ता भाऊपुर थाना शिवली कानपुर देहात से दिनांक 02.02.2025 किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल कर बात करके अपने खाते मे ₹ 20,000 रूपये ट्रांसफर कराकर धोखाधडी की गयी जिसके संबंध में आवेदक/शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी। जिस पर त्वरित जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना शिवली पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता की सम्पूर्ण धनराशि ₹ 20,000 उनके खाते में वापस कराये गये। पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹20,000**

**धनराशि वापस कराने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-**

1. निरीक्षक श्री हरमीत सिंह
2. म0का0 1261 प्रीति सोनकर